तापमान
अधिकतम 34.8 डिग्री
न्यूनतम 23.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 सितंबर 2025
यमुनानगर-कुरुक्षेत्र

12 गुरु के बिना ज्ञान और जीवन दोनों अधूरे

12 भगवान वामन के हिंडोलों पर ड्रोन से हुई फूलों की...


**शाहबाद के बाद मारकंडा अब पिहोवा में भी तबाही मचा रही**

# अब नैसी में दो जगह से टूटा मारकंडा नदी का तटबंध आधा दर्जन गांवों की हजारों एकड़ फसलें जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

शाहबाद के बाद मारकंडा नदी अब पिहोवा में भी तबाही मचा रही है। मारकंडा नदी का पानी खतरे के निशाने से उपर बह रहा है। पिहोवा के गांव नैसी में दूसरी बार मारकंडा नदी का तटबंध टूटने से आधा दर्जन गांवों की हजारों एकड़ फसले जलमग्न हो गई। एक तटबंध पहले से ही टूटा हुआ था जो कि दुरुस्त नही किया जा सका है।

अब वीरवार रात्रि दूसरा तटबंध टूटने से साथ लगते गांवों में खतरा बन गया है। गांववासियो का कहना है कि गांव नैसी में तटबंध दो जगह से टूटा है। गांववासियों का कहना है कि तटबंध टूटते ही प्रशासन मौके पर पहुंच गया था। वहीं शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे गांव बीबीपुर में झील में नहाने उतरे अरूण कुमार (18) निवासी गांव चनालहेडी की डूबने से मौत हो गई। गोताखोर प्रगट सिंह व उनकी टीम ने ढाई घंटे तक झील में सर्च अभियान चलाकर युवक के शव को झील से बाहर निकाला। वीरवार देर रात्रि अजमतपुर में मारकंडा नदी का पानी पहुंच गया है। अजमतपुर गांव के चारों तरफ मारकंडा नदी का पानी है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अजमतपुर गांव और उनके डेरे मोहम्मदशाह सहित अन्य छोटे-छोटे डेरों में भी प्रशासनिक अधिकारी लोगों की जरूरत के अनुसार तमाम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे है।

*वीरवार देर रात्रि अजमतपुर में मारकंडा नदी का पानी पहुंच गया है। अजमतपुर गांव के चारों तरफ मारकंडा नदी का पानी है। लोग अब पानी से डरे हुए है।*



शाहबाद के जल प्रभावित क्षेत्र की ड्रोन से ली गई फोटो

## प्रभावित गांव में 24 घंटे नजर रखे हुए हैं पटवारी

जिले के प्रभावित गांव के ग्राम सचिव व सम्बन्धित क्षेत्र का पटवारी 24 घंटे नजर रखे हुए है और लोगों के बीच रहकर प्रशासन के माध्यम से राहत सामग्री भी पहुंचा रहे है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि पशुपालन विभाग की तरफ से अजमतपुर और मोहम्मदशाह डेरे के नागरिकों के साथ प्रशासनिक अधिकारी सम्पर्क में है और नियमित रूप से गांव और डेरों का दौरा भी कर रहे है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी प्रकार की जरूरत के लिए प्रशासनिक अधिकारियों या टोल फ्री नंबर 01741-221035 और डायल 112 पर भी सूचना दे सकते है। नागरिकों को अफवाह से भी बचने की जरूरत है, अधिकारी हर प्रकार की सूचना लोगों तक समय-समय पर पहुंचा रहे है।

### शाहबाद और पिहोवा के गांव को हर वर्ष जलभराव की समस्या से निजात दिलवाने को बनेगी योजना : विश्राम कुमार मीणा

*उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि शाहबाद और पिहोवा उपमंडल के दर्जनों गांव को हर वर्ष मारकंडा के जलभराव की समस्या से निजात दिलवाने के लिए योजना तैयार की जाएगी। इस योजना का खाका तैयार करने के लिए सबसे पहले ड्रोन के माध्यम से पिहोवा और शाहबाद के प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे किया गया है। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार ड्रोन सर्वे को लेकर राजस्व, सिंचाई विभाग के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के साथ चर्चा की जाएगी और योजना का प्रारूप तैयार किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार शाहबाद व पिहोवा के किसानों और आम नागरिकों को जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान निकालने के लिए कार्य किया जा रहा है। इन आदेशों के बाद प्रशासन की तरफ से ड्रोन के जरिए कठवा,तंगौर, मारकंडा, शांतिनगर के साथ लगते गांव का सर्वे करवाया गया है। इस सर्वे से आंकलन किया जाएगा कि पानी का बहाव कहां से होकर गुजर रहा है और कहां-कहां बंध और अन्य व्यवस्था की जा सकती है। इसके अलावा पिहोवा के प्रभावित क्षेत्रों का भी ड्रोन के जरिए सर्वे करवाया जा रहा है। वे स्वयं सभी प्रभावित गांवों में प्रशासनिक अमले के साथ पहुंचे और प्रभावित गांव के सरपंचों और आम नागरिकों से भी इस गंभीर विषय को लेकर चर्चा की और सुझाव मांगे, कई गांवों से इस योजना को लेकर अच्छे सुझाव सामने आए है। इन सुझावों को भी प्रोजेक्ट तैयार करते हुए शामिल किया जाएगा ताकि लोगों की आशा के अनुरूप इस योजना को तैयार किया जा सके। इस योजना का प्रारूप तैयार होने के उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष रखा जाएगा ताकि आने वाले समय में एक स्थाई समाधान निकला जा सके।*

## शाहबाद में अब मारकंडा नदी का जलस्तर घटना शुरू

**नदी का जलस्तर पहुंचा 33915 क्यूसिक**



**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में मारकंडा नदी का जलस्तर शुक्रवार शाम को 33915 क्यूसेक दर्ज किया गया। वीरवार रात्रि तक जलस्तर की मात्रा 36622 क्यूसिक मात्रा दर्ज की गई थी। शाहबाद में मारकंडा नदी का जलस्तर घटना शुरु हुआ है लेकिन पानी अभी भी खतरे के निशान के उपर चल रहा है। जिला कुरुक्षेत्र में बरसात के पानी को लेकर जिला पुलिस द्वारा लागातार जल प्रभावी क्षेत्रों में पहुंचकर निगरानी की जा रही है। जिन जगहों पर पानी अभी भी खड़ा हुआ है, वहां से पानी को निकालने के लिये प्रशासन व ग्रामीणों के साथ मिलकर हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं। इसके साथ-साथ पुलिस की विभिन्न टीमें जल प्रभावी इलाकों में एसडीआरएफ की टीमों के साथ मिलकर राहत कार्यों में लगी हुई हैं। पुलिस अधीक्षक ने सभी डीएसपी व थाना प्रभारियों को आदेश दिए हैं कि बाढ़ ग्रस्त एरिया में कड़ी निगरानी जारी रखे।

**पुलिस अधीक्षक की अपील**

### आमजन धैर्य बनाकर रखें

पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि इस प्राकृतिक आपदा के समय में अपना धैर्य बनाये रखें तथा किसी भी बात को लेकर आपसी भाईचारा खराब ना करें। जहां पर भी जल भराव की दिक्कत है तो नागरिक डायल 112 पर काल करके सहायता ले सकते हैं। शुक्रवार को एसडीआरएफ टीम में शामिल हरियाणा पुलिस के जवानों ने शाहबाद के जल भराव एरिया से काफी लोंगो को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। हरियाणा पुलिस की एसडीआरएफ टीम के उप निरीक्षक संदीप कुमार के नेतृत्व में टीम में शामिल जवानों ने शाहाबाद जल भराव एरिया से बच्चों, बुगुर्गों व महिलाओं को सुरक्षित निकाला तथा प्रसाशन द्वारा बनाये गए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। एसडीआरएफ टीम के साथ शहर चौंकी शाहबाद प्रभारी सहायक उप निरीक्षक हरजीत सिंह की टीम शामिल रही।

**उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जल प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया**

# ज्योतिसर में रात्रि 12 बजे तक लोगों के बीच बैठकर करवाया जलभराव निकासी का हल

**कुरुक्षेत्र।** ...जब सूचना मिलते ही सुबह सुबह 7 बजे ही उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शाहबाद के गांव मदनपुर में पहुंचे। उपायुक्त ने सीधा पानी के बीच जाकर लोगों से बातचीत। उपायुक्त ने दूरभाष पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेश जारी कर समस्याओं का तुरंत समाधान करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सुबह से लेकर रात्रि 12 व 1 बजे तक लगातार जलभराव की आपदा के समय लोगों के बीच रहकर कार्य कर रहे हैं।

**पिहोवा, शाहबाद के उपमंडल अधिकारी भी सहायता में जुटे**



उपायुक्त के साथ-साथ पिहोवा, शाहबाद के उपमंडल अधिकारियों के साथ-साथ तमाम विभागों के अधिकारी भी एक सेवाभाव के जरिए सूचना मिलते ही लोगों की हर संभव सहायता कर रहे हैं। उपायुक्त गत देर रात्रि सूचना मिलने पर एसवाईएल व बीबीपुर झील के जलभराव की निकासी को लेकर उपजे विवाद को लेकर ज्योतिसर गांव में पहुंचे और ज्योतिसर में सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में रात्रि 12 बजे तक लोगों से बातचीत की और आपसी सहमति से इस समस्या का हल निकाला। इस समस्या का हल निकलने से एसवाईएल और नरवाना ब्रांच के आसपास के गांवों को जलभराव की समस्या से राहत देने का काम किया।

**कंट्रोल रूम की 44 में से 36 समस्याओं का किया समाधान**

*उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि उपायुक्त कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम नंबर 01744-221035 पर दो सितंबर से पांच सितंबर तक 44 लोगों ने सूचनाएं और शिकायतें दर्ज करवाई। इन सूचनाओं और शिकायतों के आधार पर 36 का समाधान किया जा चुका है। बाकी सूचनाओं के आधार पर संबंधित अधिकारियों को समाधान के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा प्रशासन के फील्ड मैनेजमेंट व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी मिलने वाली हर सूचना और सोशल मीडिया के माध्यम से मिलने वाले सूचनाओं का तुरंत समाधान किया जा रहा है।*

**यमुना में करीब 90 हजार क्यूसिक पानी चल रहा,भूमि कटाव वाले स्थानों पर नजर**

# घट रहा यमुना का जलस्तर, जलभराव से निपटने को प्रशासन मुस्तैद : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पहाड़ी व मैदानी इलाकों में गत दिनों भारी बारिश होने से उफान पर आई यमुना नदी व बरसाती नदियों से जिले में उत्पन्न हुई जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने शुक्रवार को अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए उक्त जानकारी दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि यमुना नदी का जल स्तर लगातार कम होता जा रहा है और पूरी तरह से नियंत्रण में हैं। जिला प्रशासन भूमि कटाव वाले सभी स्थानों पर पूरी नजर बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि धीरे धीरे जिला में स्थिति सामान्य होती जा रही है। जिला में शुक्रवार को यमुना नदी में करीब 90 हजार क्यूसिक पानी चल रहा है।

**नदी व नालों के क्षतिग्रस्त तटबंधों को किया जा रहा मजबूत**



यमुनानगर। अपने कार्यालय में अधिकारियों को जलभराव को लेकर दिशा निर्देश देते उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

*उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि तेज बारिश और यमुना तथा बरसाती नदियों के उफान पर आने से प्रभावित हुए जिला के विभिन्न गांव टापू कमालपुर, पोबारी, उन्हेड़ी, लापरा, बीबीपुर, बेलगढ़, लाकड़मय प्रतापपुर, मंडौली घग्गड़, माली माजरा, कलेसर, बंजारा बांस, कोटड़ा काहन सिंह, गुमथला राव, नगली, संधाला, खानुवाला, तिहानो, रामगढ़ सवाई आदि गांवों में हो रहे भूमि कटाव को रोकने के लिए सिंचाई व पंचायत विभाग द्वारा 16 जेसीबी,10 ट्रैक्टर ट्रॉली व 574 मनरेगा मजदूरों द्वारा 1 लाख 91 हजार 400 मिट्टी के कट्टे भरकर नदी नालों के तटबंधों को मजबूत करने के लिए रखे गए हैं। भूमि कटाव से संबंधित 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि तटबंध मजबूतीकरण के कार्य में मनरेगा योजना के तहत मजदूरों द्वारा मिट्टी के कट्टे भरकर लोहे के जाल में पत्थर भरकर तटबंधों को मजबूत किया जा रहा है। इस प्रकार मनरेगा योजना में कार्य करने वाले मजदूरों को आपदा के समय रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा।*

## खबर संक्षेप

### यमुनानगर में पकड़ी गई थी नरवाना से भेजी खेप

**जींद।** यूरिया खाद की कालाबाजारी को लेकर कृषि विभाग की टीम ने नरवाना में खाद गोदाम पर छापेमारी की। जांच के दौरान स्टॉक रिकार्ड में हेराफेरी पाई गई। कृषि विभाग के एसडीओ की शिकायत पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने गोदाम मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी आवश्यक वस्तु कालाबाजारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### यूरिया खाद के स्टॉक में हेराफेरी, मामला दर्ज

**जींद।** यूरिया खाद की कालाबाजारी को लेकर कृषि विभाग की टीम ने नरवाना में खाद गोदाम पर छापेमारी की। जांच के दौरान स्टॉक रिकार्ड में हेराफेरी पाई गई। कृषि विभाग के एसडीओ की शिकायत पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने गोदाम मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी आवश्यक वस्तु कालाबाजारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### गांव करसिंधु में दुकान का ताला तोड़ कर नगदी उड़ाई

**जींद।** गांव करसिंधु में बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर नगदी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव नारा निवासी रामपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव करसिंधु में करियाने की दुकान है। बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर 30 हजार रुपये की नगदी तथा सामान को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पुलिस ने चार पर किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज**

# अमेरिका में वर्क वीजा दिलाने के नाम पर तीन लोगों से हड़पे 55 लाख रुपये

**जगाधरी के सत्संग विहार निवासी गुरमेल सिंह, गांधी धाम निवासी रमन कुमार, नालागढ़ का माजरा निवासी माया देवी के साथ हुई ठगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर तीन लोगों से 55 लाख रुपये हड़प लिए गए। ठगी जगाधरी के सत्संग विहार कॉलोनी निवासी गुरमेल सिंह, गांधी धाम निवासी रमन कुमार व नालागढ़ का माजरा निवासी माया देवी के साथ हुई। पुलिस ने तीनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सत्संग विहार कॉलोनी जगाधरी निवासी गुरमेल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अमेरिका जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात जरक राज के साथ हुई।



*आरोपी ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसे भी वर्क वीजा पर अमेरिका भेज देगा। आरोपी ने उससे गत जनवरी महीने से जुलाई महीने के बीच करीब 30 लाख 11 हजार रुपये व उसके दस्तावेज ले लिए। मगर आरोपी ने उसे अमेरिका नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।उधर, गांधी धाम जगाधरी निवासी रमन कुमार ने बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि सतविंद्र सिंह व सलिंद्र कुमार विदेश भेजने का काम करते हैं। वह आरोपियों से मिला। आरोपियों ने अगस्त 2022 से अप्रैल 2024 तक उसे विदेश भेजने के नाम पर 20 लाख रुपये ले लिए। आरोपियों ने उसे जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया। मगर आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा न ही आरोपियों ने उसे पैसे वापस दिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, नालागढ़ का माजरा हुंडेवाला निवासी माया देवी ने बताया कि उसका लड़का विजय कुमार नौकरी की तलाश में विदेश जाना चाहता था। वह अपने लड़के के साथ नवंबर 2024 में आरोपी विकास से मिली। विकास ने उसे बताया कि वह उसके लड़के को विदेश भेजकर नौकरी दिलवा देगा। आरोपी की बातों में आकर उसने आरोपी को पांच लाख 48 हजार रुपये व जरूरी दस्तावेज दे दिए। इसके बाद आरोपी ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा।*

**अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने का आरोप**

# व्यक्ति ने नौकरी दिलवाने का झांसा देकर महिला के साथ किया दुष्कर्म, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के फरकपुर क्षेत्र में व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलवाने का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी व्यक्ति ने महिला की अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की भी धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार फरकपुर थाना क्षेत्र निवासी 38 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शादी के बाद से वह घर का खर्च चलाने के लिए रोजगार की तलाश में थी। इस दौरान उसकी मुलाकात अशोक विहार कॉलोनी मटका चौक जगाधरी निवासी सुंदर लाल मित्तल के साथ हुई। आरोपी ने उसे नौकरी दिलवाने का झांसा देकर मिलने के लिए बुलाया। गत 12 जून को वह बाबा पीर वाली गली में आरोपी से मिलने के लिए चली गई। इस दौरान आरोपी ने चोरी से उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने 12 जून से 26 जून तक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर गलत काम किया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।




# बासमती धान की गुणवत्ता के लिए कीटनाशकों का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण प्रयोग अत्यंत आवश्यक : डाक्टर कांबोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

कृषि विज्ञान केंद्र दामला ( यमुनानगर)द्वारा गांव बकाना में बासमती धान में कीटनाशकों के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग और उत्तम कृषि पद्धतियां विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इलाके के करीब 350 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. डॉ. बलदेव राज कांबोज ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. डॉ. बलदेव राज कांबोज ने कहा कि बासमती धान की उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कीटनाशकों का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण प्रयोग अत्यंत आवश्यक है।

**» अनुशंसित समय एवं मात्रा में ही प्रयोग करें**

**» वैज्ञानिक खेती को अपनाने का आह्वान**

**किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन की ओर प्रेरित किया**



यमुनानगर। के गांव बकाना में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को बासमती धान की गुणवत्ता बनाए रखने की जानकारी देते मुख्यातिथि प्रो. डाक्टर कांबोज।

*प्रो. डॉ. बलदेव राज कांबोज ने कहा कि अक्सर किसान अंतिम समय में कीटनाशक एवं फफूंदनाशी का छिड़काव कर देते हैं। जिससे धान की गुणवत्ता प्रभावित होती है और निर्यात में बाधा आती है। परिणामस्वरूप किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वह केवल अनुशंसित समय एवं मात्रा में ही कीटनाशकों का प्रयोग करें। इस अवसर पर डॉ. बलवान मंडल ने किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने तथा फसल अवशेष प्रबंधन की ओर प्रेरित किया।*

### यह रहे मौजूद

वहीं, कृषि विज्ञान केंद्र दामला के समन्वयक डॉ. संदीप रावल ने कहा कि रासायनिक कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। उन्होंने किसानों को समय पर और अनुशंसित मात्रा में ही कीटनाशकों एवं रसायनों के प्रयोग की सलाह दी। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र दामला के मुख्य समन्वयक डॉ. महा सिंह व सस्य विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. अराधना बाली ने धान में एकीकृत खरपतवार प्रबंधन की तकनीक पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कपिल, डॉ. विशाल, डॉ. आसमा, डॉ. करण सैनी व डॉ. अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

**भारत गैस एजेंसी रकबा मोहड़ी के पास हादसा**

# यमुनानगर में दो बाइकों की भिड़ंत में मामा की मौत, भांजा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जठलाना थाना क्षेत्र के भारत गैस एजेंसी रकबा मोहड़ी के पास दो बाइकों की भिड़ंत में मामा की मौत हो गई जबकि भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव गुमथला निवासी ममरेज ने जठलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 18 वर्षीय राशीद, भांजे गांव मोहड़ी निवासी असद के साथ बाइक पर जा रहा था। जब वह दोनों गांव मोहड़ी के पास भारत गैस एजेंसी के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

### आरोपी फरार

हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने राशीद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## शहर को बाढ़ से बचाने के लिए नप ने किए प्रबंध

**कुरुक्षेत्र।** जिला नगर आयुक्त अमन कुमार ने कहा कि पहाड़ी इलाकों में हो रही भारी बरसात के बाद नदिया व नाले पूरी तरह से उफान पर हैं, ऐसे में पीछे से ज्यादा पानी शहर से निकलने वाली नदियों व नालों में आने के आसार हैं। ऐसे मे उनके तटबंधों की निगरानी व उनको ओर ज्यादा मजबूत करने के लिए नगर परिषद ने अपने स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए गए है। डीएमसी ने कहा कि गत रात्रि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के साथ अन्य अधिकारियों ने नरकातारी रोड, बाहरी क्षेत्र, खेडी मारकंडा का एरिया, दीदार नगर व अन्य ऐसे स्थानों का शाम व रात्री में भी निरीक्षण किया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के निदेशानुसार नगर परिषद के 60 कर्मचारियों ने रात्रि के समय में 7 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 3 जेसीबी, 1 लोडर, हजारों की संख्या में कटटे व मिट्टी सहित अन्य तैयारियां सुनिश्चित की है।

## श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन आठ से

**करनाल।** श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल की ओर से आठ सितंबर से 14 सितंबर तक भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। विश्व विख्यात कथावाचक श्री पुंडरीक गोस्वामी जी महाराज पहली बार करनाल आकर श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। यह आयोजन सेक्टर-12 स्थित गोल्डन मोमेंटस बैंक्वेट हॉल में होगा। कथा प्रतिदिन सायं चार से सात बजे तक होगी, जबकि समापन दिवस 14 सितंबर को कथा सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक चलेगी। इसी दिन शाम छह बजे से श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन होगा।

## नौकरी दिलवाने के नाम पर हड़पे 5.15 लाख रुपये

**यमुनानगर।** महिला को नौकरी दिलवाने के नाम पर युवक ने उससे पांच लाख 15 हजार रुपये हड़प लिए। जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल जगाधरी निवासी गुरमीत कौर ने शहर जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह नौकरी की तलाश में थी। 2018 में उसकी मुलाकात नितिश कुमार के साथ हुई। आरोपी ने उसे कहा कि वह उसे नौकरी दिलवा देगा। इसके लिए उसे पांच लाख रुपये खर्च करने होंगे। आरोपी ने उसे करीब पांच लाख 15 हजार रुपये ले लिए। आरोपी ने उसे जल्द नौकरी दिलवाने की बात की। मगर कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आरोपी ने उसे नौकरी नहीं दिलवाई।

### उल्लेखनीय योगदान देने वाले 74 शिक्षकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

# अध्यापक समाज का आईना, बनाते हैं देश और बच्चों का भविष्य : जिंदल

*रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब व रोट्रेक्ट क्लब ने ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित करवाया सम्मान समारोह*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी क्लब,इनरव्हील क्लब रादौर व ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज के रोट्रेक्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान में छठा अध्यापक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले 74 शिक्षकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित अध्यापक सम्मान समारोह में सम्मानित हुए शिक्षक प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह के साथ खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन रादौर के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने भाग लिया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में ग्लोबल संस्थान की वाइस चेयरपर्सन इंदू जिंदल, रोटरी क्लब के प्रधान सरदार हरजीत सिंह सैनी, रोटरी क्लब वूमेंस प्रधान पूजा माटिया व इनरव्हील क्लब प्रधान लक्ष्मी चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि एवं ग्लोबल संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल व वाइस चेयरमैन इंदू जिंदल ने समारोह में सबसे पहले शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान वाले अध्यापकों को सम्मानित किया।

सम्मानित होने वालों में रोहित अरोड़ा, पूजा जोली कालरा, कविता अरोड़ा, डॉ. सुखविंदर पंजेटा, अन्नु भारद्वाज, अरविंदर सिंह, मोनिका, विशाल अदलक्खा, रेखा शर्मा, सिमरन कांबोज, पूर्णिमा धीमान, प्रगति, रवि गौतम, आरजू रानी, सोनू राम, संजना, कल्पना शर्मा, पुष्पा रानी, राजेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, चारू सिंगला, नवनीन भारद्वाज, आशीष भल्ला, अदिति, काम्या, नीतू शर्मा, शिवानी, कन्नू चौहान, रूपा, निशा, पूनम रानी, हरप्रीत कौर, डॉ. भावना चोपड़ा, रोमा कांबोज, निशा सलूजा, ममतेश, वंदना, प्रगति, नीलम देवी, निशा रानी, संदीप कौर, पायल, अल्का, दिव्या, सोनिया, रावल, नीलम, सुजाता, रचना, साक्षी सचदेवा, तृप्ता नरूला, सुधा, सुमन शर्मा, रंजीता, नेहा, अंजना, राहुल, अमिता पंवार, मीनू रोहिल, ऊषा रानी, आरती पुरूथी, कपिल देव, अनिता झांब, संजय कांबोज, संदीप कुमार, रिशु गुप्ता, रितु शर्मा रादौर, जगमाल सिंह पंजेटा, सतीश अग्रवाल, पुष्पा मक्कडए,वैशाली, पुलकिता शर्मा, कविता, नेहा मित्तल व कविता गौड आदि शामिल रहे। सीए एसके जिंदल ने कहा कि अध्यापक समाज का आईना होते हैं। जो बच्चों व देश का भविष्य बनाने का काम करते हैं। उन्हे सम्मान देने के लिए हर वर्ष 5 सितंबर को टीचर्स डे देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर साक्षी पुरुथी, सुमन शर्मा, डॉ.नेहा यादव, डॉ. सुदेश बंसल, मलखान सिंह सढुरा, मोहनलाल अरोड़ा, राजीव आर्य सन्नी, कर्ण चानना, मास्टर रविंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक को परिभाषित करना है असंभव : शर्मा

- होली मदर स्कूल में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस
- कार्यक्रम में केक काटकर अध्यापकों ने एक दूसरे को शिक्षक दिवस की बधाई


**यमुनानगर।** यमुनानगर के होली मदर पब्लिक स्कूल में केक खिलाकर एक दूसरे को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

**यमुनानगर।** होली मदर स्कूल यमुनानगर में शुक्रवार को सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में केक काटकर अध्यापकों ने एक दूसरे को शिक्षक दिवस की बधाई दी। स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। प्रधानाचार्या मोनिका ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अध्यापकगण के सम्मान में भाषण व कविता आदि प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या मोनिका ने कार्यक्रम के शुभारंभ पर सबसे पहले अध्यापकगण के साथ मिलकर केक काटा और एक दूसरे को केक खिलाकर शिक्षक दिवस की बधाई दी। मौके पर बच्चों ने अपने शिक्षकों को कार्डस व गुलदस्ते भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या मोनिका ने अध्यापकों के साथ मनोरंजक पल बिताए और अध्यापकों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि शिक्षक एक जलती हुई मोमबत्ती की तरह है। जो खुद जल कर दूसरों को प्रकाश देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने सभी प्रयासों को आजमाते हैं ताकि हम कल सफल हो सकें। एक शिक्षक ही है जो कई अन्य व्यवसायों का निर्माण करता है। स्कूल के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि शिक्षक को परिभाषित करना असंभव है। क्योंकि वह विद्यार्थियों के चरित्र के साथ नैतिक मूल्य जोड़ते हैं व उन्हें देश के आदर्श नागरिक बनाते हैं। उन्होंने कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रधानाचार्या समेत सभी अध्यापकों व स्टाफ सदस्यों की सराहना की और शिक्षक दिवस की बधाई दी।

## छात्रा अदिति नेशनल इंस्पायर प्रतियोगिता के लिए चयनित


**यमुनानगर।** यमुनानगर के न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में छात्रा अदिति जुयाल को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा।

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर यमुनानगर की कक्षा 11 (मेडिकल) की छात्रा अदिति जुयाल ने अपनी प्रतिभा और नवाचार के बल पर इंस्पायर मानक अवार्ड की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता में विजय हासिल कर स्कूल व जिला का नाम रोशन किया है। छात्रा अदिति को अब नेशनल इंस्पायर प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। शुक्रवार को स्कूल की प्रधानाचार्या बिंदु शर्मा व स्टाफ सदस्यों ने छात्रा अदिति को पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि छात्रा अदिति जुयाल अब प्रदेश के अलग अलग जिलों को चयनित किए गए सात विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने बताया कि राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में छात्रा अदिति जुयाल ने श्बायोडिग्रेडेबल मच्छर नाशक टोकरी का अभिनव मॉडल प्रस्तुत किया। यह मॉडल पूर्णतः जैव अवक्रमणीय है। किसी भी प्रकार की ऊर्जा (बिजली ईंधन) की आवश्यकता नहीं होती है। इसका मनुष्यों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता है। अदिति ने इस मॉडल के माध्यम से मच्छरों से फैलने वाली गंभीर बीमारियों विशेषकर डेंगू और मलेरिया से निपटने का सरल और किफायती समाधान प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि छात्रा अदिति का पहले चयन जिलास्तर पर हुआ था। इसके बाद राज्यस्तर पर हुआ और अब राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उन्होंने छात्रा अदिति को इस उपलब्धि के लए बधाई दी। विद्यालय के चेयरमैन घनश्याम शर्मा ने छात्रा अदिति को शुभकामनाएं दी।



## बच्चों ने अध्यापक बनकर करवाई पढ़ाई

**रादौर।** मून स्टार प्री स्कूल रादौर में शुक्रवार को अध्यापक दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों को कार्ड बनाकर दिए। बच्चों ने सभी अध्यापकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी व कलम का उपहार देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने अध्यापक दिवस के अवसर पर अध्यापक बनकर बच्चों को पढ़ाया। साथ ही कविताएं भी सुनाई व डांस भी प्रस्तुत किया। मुख्य अध्यापिका रसमीन कौर ने अध्यापक दिवस की महिमा के बारे में विद्यार्थियों को बताया कि आज के दिन पूर्व राष्टपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्णन का जन्मदिन भी होता है। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर रितु देवी ने अध्यापक दिवस की सभी को बधाई दी व मिठाई बांटकर सभी का मुंह मीठा भी करवाया। मौके पर नेहा, सिमरन, सोनिया, नीतू, अनु, शिवानी, निशा, दीपिका, रानी, पुष्पा, मीनू, सचिन व कृष्ण आदि मौजूद थे।

## बच्चों को कानूनी रूप से जागरुक करना जरूरी : कादियान

*जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला बाल संरक्षण इकाई के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का किया आयोजन*

- मुख्यातिथि के रुप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने लिया भाग


**यमुनानगर।** यमुनानगर के बाल संरक्षण भवन में आयोजित कार्यशाला में मुख्यातिथि के रुप में में मंचासीन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान। *फोटो : हरिभूमि*

**यमुनानगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला बाल संरक्षण इकाई के तत्वाधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर लीगल लिटरेसी पर शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यातिथि के रुप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्कूली बच्चों को लीगल लिटरसी से जोड़ रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी कानूनी सहायता की आवश्यकता वाले लोगों व कानूनी सेवाएं प्रदान करने वाले विभिन्न निकायों के बीच पूल का कार्य कर सकते हैं। बच्चों को जागरुक एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है। बच्चों में कानूनी जागरूकता व साक्षरता फैलाने के लिए लीगल लिटरेसी क्लब बेहद ही उपयोगी होते हैं । स्कूल के बच्चों को बाल अधिकार बाल विवाह निषेध जैसे विषयों की जानकरी होना बेहद जरूरी है।

### ये रहे मौजूद

मौके पर संरक्षण अधिकारी आंचल त्यागी, मुनीश कुमार, मुकेश कंसल, गुरप्रीत सिंह, पल्वी, निशा, विशु आदि मौजूद रहे।

### जीवन जीने की कला सिखाता है शिक्षक

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लीगल एक्सपर्ट वीपीएस सिद्धू ने कहा कि एक शिक्षक विद्यार्थी को जीवन जीने की कला सिखाता है। किसी भी छात्र के उज्जवल भविष्य और कामयाबी में जितनी भूमिका माता पिता की होती है। उससे कहीं ज्यादा शिक्षकों की होती है । शिक्षक का विद्यार्थी के जीवन में उसे सही मार्गदर्शन से उसके विकास में विशेष योगदान होता है। इस अवसर पर कार्यवाहक जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा ने कहा कि यह कार्यशाला जिला कार्यक्रम अधिकारी मिक्षा रंगा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि इस समय में बच्चों को केवल स्कूली शिक्षा ही नहीं कानूनी जानकारी भी होनी चाहिए। बच्चों को उनके अधिकारों की जानकारी जिनमें जीवन जीने, संरक्षण, विकास, सहभागिता शामिल हैं की भी जानकारी होना जरुरी है। इसके अलावा बच्चों को हेल्प लाइन जिनमें चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 , पुलिस हेल्प लाइन 112 की जांनकारी होनी चाहिए ।

## संवाद सत्र में पूर्व छात्रों ने सांझा किए अनुभव, कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर की चर्चा

*जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में हुआ आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शुक्रवार को बीसीए एवं सीएसई विभाग की ओर से संवाद सत्र का आयोजन किया गया। कॉलेज के पूर्व छात्र हिमांशु प्रजापति, मयंक, मानव और मनजोत ने विद्यार्थियों से अपने अनुभव सांझा किए।

उन्होंने बाजार पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव विषय पर विस्तृत चर्चा की और विद्यार्थियों को बदलते तकनीकी परिदृश्य के अनुरूप तैयार रहने की प्रेरणा दी। संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूर्व छात्रों से अनेक प्रश्न पूछे। चर्चा के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य के उद्योगों और रोजगार के अवसरों को किस प्रकार प्रभावित करेगी।


**यमुनानगर।** यमुनानगर के जेएमआईईटी आई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते वक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

मौके पर निदेशक डॉ.विवेक शर्मा ने पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान करते हैं।

## चोरों ने दो सूने घरों व मंदिर को बनाया निशाना, हजारों का सामान ले उड़े

*नकदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में चोरों ने दो सूने घरों व मंदिर को निशाना बनाकर नकदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार रादौर पुलिस को दी शिकायत में गांव चिरसमी निवासी भविष्य ने बताया कि उनका मंडी गेट के पास वीआईपी कॉलोनी में घर है। यहां से चोरों ने एक सितंबर का रात गीजर, सिलेंडर, ट्रैक्टर की बैटरी, ग्रेंडर, बिजली के तार चोरी कर लिए। घटना के समय घर पर कोई नहीं था।



घर पहुंचने के बाद चोरी का पता चला। अपने स्तर पर जांच करने पर पाया कि असलम, जुनैद व अन्य ने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को नामजद कर अन्य पर मामला दर्ज कर लिया।

उधर, गांव छोटाबांस निवासी ज्ञानचंद ने बताया कि चोरों ने तीन सितंबर की रात को उनके घर से तीन छत के पंखे, पांच हजार नकदी, दो सोने की चेन चोरी कर ली। गए। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज कर लिया।

वहीं, थाना प्रतापनगर पुलिस को दी शिकायत में गांव टिब्बी अराइंया निवासी रणबीर ने बताया कि गांव में लक्ष्मी नारायण मंदिर है। जहां से चोरों ने बैटरी व मोबाइल चोरी कर लिया गया। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज कर लिया।

### ट्यूबवेल के कमरों में सेंधमारी कर

गांव बकाना निवासी संदीप कुमार ने बताया कि चोरों ने तीन सितंबर की रात को गांव में छह ट्यूबवेल के कमरों में सेंधमारी कर बिजली की मोटरें, स्टार्टर व अन्य सामान चोरी कर लिए गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर बरामद किए 1032 नशीले कैप्सूल

*आरोपित उत्तर प्रदेश से लाया था कैप्सूल*

- हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने आरोपी युवक को गांव भट्टूवाला से किया गिरफ्तार
- उत्तर प्रदेश से नशीले कैप्सूल लेकर आता था आरोपी युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की अंबाला यूनिट ने गांव भट्टूवाला में एक युवक को गिरफ्तार कर उससे 1032 नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की अंबाला यूनिट की टीम में शामिल एसआई राजेश कुमार ने बताया कि व देर शाम टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव भट्टूवाला निवासी अब्दुल उत्तर प्रदेश से नशे के कैप्सूल लेकर आता है और गांव व आसापास के क्षेत्र में बेचता है। चार सितंबर की देर शाम भी अब्दुल उत्तर प्रदेश से नशीले कैप्सूल लेकर आएगा। इस दौरान टीम ने मौके पर नाकेबंदी की।

कुछ देर बाद वहां एक युवक पैदल आता दिखाई दियाए जो पुलिस पार्टी को देखकर वापस लौटने लगा। टीम ने उसे तुरंत मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके बैग से एक पॉलीथिन में 1032 नशे के कैप्सूल बरामद हुए। आरोपी की पहचान गांव भट्टूवाला निवासी अब्दुल के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**तैयारियां** दुकानों और झूलों की तैयारियां पूरी

## जाहरवीर गोगा माड़ी का आठ दिवसीय मेला आज से

- सुरक्षा को लेकर कर्मचारियों की टीम ने झूलों की चेकिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के प्रसिद्ध व ऐतिहासिक जाहरवीर गोगा माड़ी पर आठ दिवसीय मेले का आयोजन शनिवार से किया जा रहा है। जिसको लेकर दुकानदार व झूले लगाने वाले जोरों शोरों पर तैयारियां कर रहे हैं।

पुजारी अनिल कुमार व बाबूराम कश्यप ने बताया कि जाहरवीर गोगा जी महाराज के मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नगरपालिका की ओर से चेयरमैन रजनीश मेहता व नपा कर्मचारी मेले का शुभारंभ पवित्र छड़ी निशान के साथ करेंगे। मेले में सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें लगानी शुरू कर दी हैं। मेले में जाहरवीर गोगा माड़ी पर मीठी खील का प्रसाद व 786 की चादर बैन रहेगी। इसलिए श्रद्धालु मीठी खील का प्रसाद न चढ़ाएं। वहीं दुकानदार भी मीठी खील का प्रसाद बेचने से बचें। अन्य किसी भी प्रकार का प्रसाद चढ़ाया जा सकता है। मेले में पुलिस, स्काउट, एनएसएस की ओर से विशेष सेवाएं दी जाती हैं। जिसके लिए पुजारी व प्रबंधक कमेटी के सदस्य उनके आभारी हैं। झूले के ठेकेदार मुस्कीम चौधरी व सागर राज ने बताया कि रादौर मेले को लेकर झूले लगाने का काम जारी है। मेले में जनता की सुरक्षा को लेकर कर्मचारियों की टीम समय-समय पर झूलों की चेकिंग करती रहेगी।


**यमुनानगर।** यमुनानगर के रादौर में शनिवार से लगने वाले मेले को लेकर माड़ी पर कार्य करते भगत।

# जिलेभर में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

## शिक्षक का मार्गदर्शन ही जीवन को जीवनी बनता है : स्वामी हरिओम दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिलाभर के स्कूल-कॉलेजों में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षक शिक्षिकाओं को विभिन्न प्रकार के उपहार देकर शिक्षक दिवस की बधाई दी। वात्सल्य वाटिका में शुक्रवार को शिक्षक दिवस आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच संवाद कार्यक्रम रहा। छात्राओं द्वारा जीवन उपयोगी प्रश्न भी शिक्षकों से किए गए एवं शिक्षिकाओं द्वारा सभी प्रश्नों के उत्तर एवं समाधान दिए गए। इस समाधान एवं जिज्ञासा के माहौल में अति उत्साह दिखा। बाल कल्याण समिति के चेयरमैन कृष्ण पांचाल ने कहा कि वात्सल्य वाटिका एक अद्भुत स्थान है एवं स्वामी हरिओम दास परिव्राजक की साधना राष्ट्र निर्माण में अति महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में मार्गदर्शन करते हुए स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने कहा कि सच्ची राष्ट्रभक्ति बालक बालिकाओं को शिक्षित कर उन्हें उनके जीवन में आगे बढ़कर समाज उपयोगी नागरिक तैयार करने में है, जिसके लिए उनका जीवन पूर्णतः समर्पित है। स्वामी जी द्वारा डॉक्टर राधाकृष्णन सर्वपल्ली जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति जैसा काम किया। उनके प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि उनके द्वारा बताए गए शिक्षा के क्षेत्र को और अधिक प्रचार प्रसार के साथ आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर ओम प्रकाश मित्तल सहित विद्यालय का स्टाफ शामिल रहा।



### जीवन में उन्नति हेतु करें अहंकार का त्याग : ब्रिगेडियर शर्मा




शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के जिम्नेजियम हॉल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने अपने प्रिय शिक्षकों के साथ विशेष संस्मरण सांझा किये। एक-एक छात्र ने गुरुकुल में प्रवेश के बाद की उस घटना के विषय में बताया जब उनके अध्यापक ने उन्हें संबल दिया, हौसला बढ़ाया और जीवन में हमेशा मजबूती से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने छात्रों एक लघु कथा के माध्यम से अपने गुरुओं के प्रति हमेशा आदर का भाव रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि अपनी प्रतिभा, अपनी विद्या पर कभी घमंड नहीं करना चाहिए और जिन्होंने आपका हाथ थामकर चलना सिखाया है, उसने कभी तुलना या मुकाबला न करें, हमेशा अपने गुरुओं का सम्मान करें। ब्रिगेडियर शर्मा ने कहा कि अहंकार व्यक्ति का सबसे बड़ा शत्रु है, जीवन में उन्नति करनी है तो सबसे पहले अहंकार का त्याग करें। उन्होंने शिक्षक दिवस के प्रणेता पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धासुमन अर्पित किये। साथ ही गुरुकुल में छात्रों के जीवन निर्माण में निरन्तर सेवाभाव से लगे अध्यापकों एवं सह अध्यापकों को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया। अंत में प्राचार्य सूबे प्रताप जी सहित वरिष्ठ अध्यापक प्रेमपाल शर्मा, नरेन्द्र सिंगला, श्रवण कुमार, रमेश चंद ने ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार को भी स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### शिक्षक का योगदान समाज और राष्ट्र निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण : जगतार काजल



शिक्षक दिवस पर श्री धन्ना भगत एजुकेशन सोसायटी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन स्कूल प्रांगण में किया गया, जिसमें गवर्निंग बॉडी के सभी पदाधिकारी प्रधान जगतार काजल, उपप्रधान टेक चंद, महासचिव सुरजभान, सचिव बलदेव, कोषाध्यक्ष दलबीर ढांडा तथा कार्यकारिणी सदस्य विशाल खुब्बड़, ईश्वर पूजम, सुरेश कुमार और रणधीर सिंह मौजूद रहे। प्राचार्या नीलम रानी ने सभी का स्वागत किया और उन्हें स्कूल की गतिविधियों और विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी पदाधिकारियों ने श्रीधन्ना भगत जी को नमन करते हुए पुष्पमाला अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। उपरांत सभी ने अध्यापकों का आभार प्रकट किया और उन्हें श्री धन्ना भगत जी के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्रधान जगतार काजल ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं। यदि वे बच्चों को सही दिशा देंगे, तो हमारे देश का भविष्य निश्चित रूप से स्वर्णिम होगा। हमें गर्व है कि हमारे शिक्षक बच्चों के जीवन में ज्ञान और संस्कार की ज्योति प्रज्ज्वलित कर रहे हैं। उन्होंने महान विभूतियों डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुए कहा कि इन महापुरुषों ने यह सिद्ध किया कि शिक्षक का योगदान समाज और राष्ट्र निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण है। अंत में सभी शिक्षकों के लिए भोज का विशेष प्रबंध किया गया, जिसमें प्राचार्या और शिक्षकों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सहभागिता की।

### राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया 65 यूनिट रक्तदान



कुरुक्षेत्र। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने अध्यापक दिवस पर लोकनायक जयप्रकाश हॉस्पिटल में 17वां रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें जन सहयोग संस्था ने सहयोग दिया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।संगठन पदाधिकारियों ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। विनोद कौशिक ने शिक्षक संघ द्वारा हर वर्ष लगाए जा रहे रक्तदान शिविर की सराहना की। शिविर में 65 यूनिट रक्तदान हुआ। संगठन की तरफ से जिला महासचिव संदीप चौहान, कोषाध्यक्ष सतीश भारद्वाज, वरिष्ठ उपप्रधान सुखदेव, मोनिका भारद्वाज, अनुपम, संरक्षक सुधीर ढांडा, राज्य कार्यकारिणी से सूबे सिंह, देवदत्त व सभी खंडों से प्रधान नरेश फूले, अमन पाल, सुरेश, राजेंद्र जांगड़ा कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र प्रकाश, नरेश नैयर, राम कुमार, धर्मचंद, जतिन, राजेश नरवाल कार्यकारिणी सदस्य व रक्तदाता अध्यापक मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब ने स्कूली बच्चों के साथ मनाया शिक्षक दिवस



कुरुक्षेत्र। स्कूल के लिए मुख्याध्यापिका को पंखे भेंट करते रोटरी क्लब के प्रधान पवन छाबड़ा।

कुरुक्षेत्र। रोटरी क्लब कुरुक्षेत्र ने सैक्टर-13 के राजकीय विद्यालय के बच्चों और स्टाफ के साथ हर्षोल्लास से शिक्षक दिवस मनाया। नेशन बिल्डर अवार्ड सेरेमनी के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि रोटरी क्लब के प्रधान पवन छाबड़ा ने मुख्याध्यापिका व रोटेरियन्स के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलित किया। पवन छाबड़ा ने कहा कि विश्व के कई देशों में शिक्षकों को विशेष सम्मान देने के लिए शिक्षक दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि रोटरी एक अंतर्राष्ट्रीय सेवा संगठन है, जो समुदाय और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए लोगों को एक साथ एक मंच पर लाता है। यह एक गैर-राजनीतिक और गैर-धार्मिक संगठन है, जो जाति धर्म या लिंग की परवाह किए बिना सभी के लिए खुला है। उन्होंने बताया कि पहले इस विद्यालय को वाटर कूलर भेंट किया था और आज क्लब द्वारा 15 पंखे और बच्चों के लिए 30 स्कूल बैग भेंट किए गए हैं। इसके अलावा क्लब द्वारा विद्यालय में एक सुंदर पार्क का निर्माण भी किया जाएगा। विद्यालय स्टाफ ने रोटरी क्लब के प्रधान व अन्य रोटेरियन्स को सम्मानित किया। सभी ने केक काट कर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन मनाया। रोटेरियन्स ने बच्चों को केक और मिठाई वितरित कर शिक्षक दिवस की बधाई दी। इस मौके पर क्लब के सचिव रुपिंदर ठाकुर, मुख्याध्यापिका सपना कपिल, जतिंद्र ढींगरा, डॉ.सुभाष गर्ग, एमपी गुप्ता, हार्दिक मैहता, आनंद बजाज, डॉ.मालविका मदान, ऋतु ढींगरा, सुनीता सहित विद्यालय स्टाफ व रोटेरियन्स मौजूद रहे।

### शिक्षक वह कलाकार है जो भविष्य को आकार देता : गाबा




कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों तथा किड्स डीपीएस के सभी शिक्षकों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षकों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके हुआ। सभी शिक्षकों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सभी शिक्षकों को उनकी प्रतिभा के अनुरूप टाइटल्स दिए गए तथा फन गेम्स का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन विद्यालय के डायरेक्टर बी डी गाबा द्वारा किया गया। इस पुस्तक का शीर्षक द लाइटहाउस इन द क्लासरूम है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बी डी गाबा ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक का समर्पण और जुनून हमें हर दिन प्रेरित करता है, शिक्षक भविष्य के निमार्ता हैं, जो हमें बेहतर इंसान बनाने में योगदान दे रहे हैं और शिक्षक वह कलाकार है जो भविष्य को आकार देता है। आज का दिन शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, उन्हें ज्ञान और चरित्र के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन में सिर्फ कक्षा, लेक्चर और किताबों तक सीमित नहीं होते, बल्कि उससे कहीं आगे की भूमिका निभाते हैं। वे अक्सर हमारी क्षमताओं को हमसे पहले पहचान लेते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक विकास गाबा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, किड्स डीपीएस स्कूल की प्रधानाचार्या साक्षी गाबा, को ऑर्डिनेटर साक्षी गेरा सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 शिक्षकों को किया सम्मानित

- शिक्षकों के बिना समाज और देश की प्रगति संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद



रोटरी क्लब शाहबाद द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन सतलुज सीनियर सकैंडरी स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर समाज में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान तथा माँ सरस्वती की के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित के साथ हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि बलदेव राज सेठी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं। वे विद्यार्थियों को जीवन की सही दिशा देकर उनका भविष्य संवारते हैं। शिक्षकों के बिना समाज और देश की प्रगति संभव नहीं है। समारोह की अध्यक्षता रोटरी क्लब प्रधान डा. आर. एस. घुम्मन ने की। उन्होंने आए हुए सभी प्रोफेसर प्रधानाचार्य अध्यापकों पत्रकारों और सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि शिक्षकों का समाज निर्माण में अतुलनीय योगदान है और रोटरी क्लब सदैव ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में प्रेरणा जगाने का कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन हरमिन्दर सिंह संधु सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिला मुख्या सलाहाकार राजकुमार गर्ग ने आए हुए सभी शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि विद्यार्थी के जीवन को बनाना व उसके जीवन को सही मार्ग पर लाने में शिक्षक दिन रात मेहनत करता है।

## एडीआर सेंटर में शिक्षकों के लिए किया सम्मान समारोह




कुरुक्षेत्र। जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज द्वारा एडीआर सेंटर में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के लिए सम्मान समारोह किया गया। दा मिलेनियम स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। जिला एवं सत्र न्यायधीश द्वारा डीएलएसए के अभियान 'जब बेटी पढ़ेगी, तभी प्रगति बढ़ेगी' का विमोचन किया गया। सैशन जज ने गुरु की महिमा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गुरु हमेशा सभी के मार्गदर्शक होते हैं, हम सभी को गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। सीजेएम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से आए प्रोफेसर्स और विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उददयन केयर होम के बच्चो द्वारा कार्यक्रम में आए शिक्षकों के लिए बहुत सुंदर कार्ड तैयार किए गए। अंत में नीतिका भारद्वाज ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का धन्यवाद किया।

## किड्स प्लेनेट स्कूल ने मनाया शिक्षक दिवस समारोह गेम्स और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गई

कुरुक्षेत्र। किड्स प्लेनेट स्कूल सेक्टर 3 द्वारा 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षकों के हार्दिक स्वागत से हुई। फूलों के गुलदस्तों और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच शिक्षकों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वातावरण कृतज्ञता और सम्मान से भर उठा। स्कूल प्रबंधक सर परमिंदर सिंह बाठ ने सबसे पहले अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक ही वह प्रकाश हैं जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर विद्यार्थियों के जीवन को उज्वल बनाते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को उनके समर्पण और परिश्रम के लिए बधाई दी। इसके पश्चात डायरेक्टर चेस्टा सलूजा ने कहा कि शिक्षक दिवस हमारे महान दार्शनिक और दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर मनाया जाता है। यह दिन हमें शिक्षकों की भूमिका और महत्व का स्मरण कराता है। प्रिंसिपल सुनीता रानी ने कहा कि शिक्षक बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं



देते बल्कि उन्हें संस्कार, अनुशासन और जीवन की दिशा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का मंच संचालन मेघा, नेहा द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी सुगठित और ऊजार्वान प्रस्तुति से समारोह को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में विभिन्न गेम्स और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जिनमें शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डांस, अभिनय और मनोरंजक गतिविधियों ने समारोह को और भी जीवंत बना दिया।

## खबर संक्षेप

### पूर्व छात्र सम्मेलन सात सितम्बर को

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती कुरूक्षेत्र संकुल का पूर्व छात्र सम्मेलन 7 सितम्बर को श्री मद्भभागवतगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक अखिलेश गुप्ता ने बताया कि कुरूक्षेत्र संकुल के 9 विद्यालय जिसमें श्रीमद्भभागवतगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गीता सह शिक्षा, छोटा बाजार, बाल घर, नितिन बाली गीता निकेतन सुंदर पुर, गीता निकेतन मोहन नगर, गीता निकेतन विद्या मंदिर सैक्टर 3 व रिपुदमन गीता विद्या मंदिर बाबैन के पूर्व छात्र इस सम्मेलन में हिस्सा लेगें। इस कार्यक्रम का आयोजन इन पूर्व छात्रों को उनके विद्यालयों की यादों को सांझा करना व उनके उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन देना है।

### जलभराव क्षेत्रों से लिए जा रहे पानी के सैंपल

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में घर-घर जाकर पानी के सैंपल लिए और लार्वा की स्थित को जांचा जा रहा है। जलभराव से प्रभावित क्षेत्र में एंटी लार्वा एक्टिविटी बनने और मच्छरों के प्रजनन की संभावना अधिक होती है, इसलिए इन क्षेत्रों में एंटी लार्वा एक्टिविटी का महत्व बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन को मिलकर इन क्षेत्रों में लार्वा नियंत्रण और मच्छर प्रजनन रोकने के प्रयास करने में लगा हुआ है।

## पवित्र सरस्वती सरोवर में गणपति विसर्जन, उमड़ी श्रद्धा

- गणेश जी बुद्धि, समृद्धि और विवेक के देवता : धुम्मन सिंह किरमिच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा



पिहोवा। ब्रह्मजूनी तीर्थ पर विर्सजन पूर्व गणपति जी की पूजा अर्चना करते महंत बबला दास व अन्य।

नौ दिनों तक पृथ्वी पर अपना वास रखने के बाद देवों के अधिनायक गणेश जी की प्रतिमा का गणेश महोत्सव आयोजन समिति पवन मार्कीट द्वारा पवित्र सरस्वती सरोवर में विसर्जन किया गया। इससे पूर्व गणपति जी की महाआरती की गई। पंडाल में दोपहर के समय विशेष रूप से पहुंचे श्रीमहंत बंसी पुरी ने कन्या पूजन कर भंडारे का शुभारंभ किया। शोभायात्रा पंडाल से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो से गुजरती हुई सरस्वती तीर्थ पहुंची जिसकी अगुवाई सरस्वती हैरिटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमिच, समिति के प्रधान हन्नु चक्रपाणि, नपा प्रधान आशीष चक्रपाणि व गिन्नी चक्रपाणि द्वारा की गई। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूरति मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से पूरी धार्मिक नगरी भक्तिमय नजर आ रही थी। देर सांय गणपति जी की प्रतिमा का पवित्र सरस्वती सरोवर में विसर्जन किया गया। धुम्मन सिंह किरमिच ने कहा गणेश जी बुद्धि, समृद्धि और विवेक के देवता है और कोई भी शुभ कार्य करने से पहले गणेशजी की पूजा अर्चना की जाती है। गणेशजी की पूजा से वास्तु दोष, पितृ दोष समेत कई दोषों से मुक्ति मिलती है और सभी कार्यों में उन्नति होती है।समिति के प्रधान हन्नु चक्रपाणि ने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी शहरवासियों व गण्यमान्य जनों का आभार व्यक्त किया।

### ब्रह्मजूनी तीर्थ में किया गणपति विर्सजन

गणेश महोत्सव समिति पुराना बाजार द्वारा ब्रह्मजूनी तीर्थ स्थित वैष्णव ठाकुर द्वारा के नजदीक सरस्वती तीर्थ में गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इससे पूर्व महंत बबला दास, स्वामी महेश पुरी, समिति के प्रधान नरेश चक्रपाणि, महंत सर्वेश्वरी गिरि, अधिवक्ता मिथुन चक्रपाणि, शिवम अत्री, ज्योतिषाचार्य डा. अभिषेक कुश, पं. मोहन जोशी द्वारा गणपति जी की आरती की गई। इससे पूर्व पंडाल में दोपहर के समय एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शोभायात्रा पंडाल स्थल से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो से गुजरती हुई ब्रह्मजूनी तीर्थ पहुंची जिसकी अगुवाई प्रिंस चक्रपाणि, गौरव बंसल, दीपांशु अत्री, सोहन लाल सैनी, रमेश सैनी, गौरव आहूजा द्वारा की गई।

## बाबा बांसी वाला वृद्ध आश्रम समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा : राजकुमार

- बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम हर आपदा के समय समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

लाडवा का बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम एवं अन्नक्षेत्र वृद्धजनों की सेवा के साथ-साथ समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उत्तराखंड में भूकंप आपदा हो या केदार घाटी में भारी बरसात से जनहानि, कोविड का क्रूर काल हो या क्षेत्र में बाढ़ , बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम हर आपदा के समय समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है। इस बार भी जब पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बरसात के



लाडवा। मजदूरों को खाना वितरित करते बाबाबंसी वाला वृद्ध आश्रम के सदस्य व उपस्थित मजदूर।

बाद राक्षी नदी के तटबंध टूटने से लाडवा व क्षेत्र के कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया तब बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम अन्नक्षेत्र अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए तटबंधों की मरम्मत का कार्य कर रहे सैकड़ो श्रमिकों के लिए दोनों समय के भोजन का प्रबंध अपने ऊपर लिया। संस्था के पूर्व प्रधान राजकुमार सैनी के नेतृत्व में बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम से श्रमिकों के लिए भोजन तैयार होकर पहुंचाया जा रहा है।

वहीं बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए वृद्धाश्रम में आश्रय व भोजन का प्रबंध किया गया है। लाडवा क्षेत्र में राक्षी के टूट जाने से कई मोहल्ला और घरों में पानी भर गया जिसके लिए प्रशासन 100 से अधिक मजदूरों को लगाकर राक्षी के तटबंध ठीक करवा रहा है। इसमें लाडवा के बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम के द्वारा उन सभी श्रमिकों के लिए दोनों वक्त का ताजा भोजन उपलब्ध कर रही है।

## मुख्यमंत्री को क्षेत्र की स्थिति के बारे में भेजी जा रही है पल-पल की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहाबाद

मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को क्षेत्र की स्थिति की पल-पल की जानकारी भेजी जा रही है।

किसी भी नागरिक को कोई समस्या नहीं रहनी दी जाएगी। मुख्यमंत्री की तरफ से प्रशासनिक अधिकारियों को समय समय पर दिशा-निर्देश भी मिल रहे हैं। जिस कारण से समय तरह समस्याओं का निपटारा हो रहा है, जो निरंतर चलता रहेगा। मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने शाहाबाद क्षेत्र के जलभराव प्रभावित गांवों के लोगों से मिले और वहां की स्थिति के बारे में जायजा लिया। इस मौके पर उनके



साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष कलसाना भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इन नदियों में पीछे से लगातार पानी आ रहा है।

बरसात ना होने पर स्थिति नियंत्रण में होने शुरू हो गई है। सरकार और प्रशासन अपनी तरफ से पूरा प्रयास करके नागरिकों को सुरक्षा और सुविधाएं पहुंचा रहा है।

### विवि ने स्टेट पब्लिक यूनिवर्सिटी कैटेगरी में प्राप्त किया 35वां स्थान

## केयू देश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में से एकः प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन द्वारा घोषित एनआईआरएफ रैंकिंग 2025 में कुवि ने स्टेट पब्लिक यूनिवर्सिटी कैटेगरी में 53.56 अंक प्राप्त कर 35वां स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष इसी कैटेगरी में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने 41वां स्थान प्राप्त किया था।

पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष अधिक प्रतिस्पर्धा होने के बावजूद कुवि ने एनआईआरएफ रैंकिंग में सुधार किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए



कहा कि नैक द्वारा ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्राप्त कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में से एक है।

टॉप 100 शिक्षण संस्थानों में विश्वविद्यालय को स्टेट यूनिवर्सिटी में एनआईआरएफ रैंकिंग में 35वां स्थान मिलना गर्व का विषय है।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए ही नहीं हरियाणा के लिए बड़ी उपलब्धि है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इस विशेष उपलब्धि के लिए एनआईआरएफ से नोडल आफिसर प्रो. तेजेन्द्र शर्मा व उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस सर्वेक्षण में विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित कर पाया जिसके कारण ही विश्वविद्यालय को यह स्थान मिला है। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने रैंकिंग के सभी मापदंडों पर खरा उतरते हुए उच्च रैंकिंग हासिल की है।

### 8 हजार संस्थानों ने लिया हिस्सा

प्रो. तेजेन्द्र शर्मा ने बताया कि ओवल आल कैटेगरी में 8 हजार संस्थानों ने भाग लिया और उसमें कुवि 101 से 150 के बीच में अपना स्थान बना पाया। इस उपलब्धि के लिए कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने भी बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने इसी कैटेगरी में गत वर्ष 50.47 स्कोर के साथ 41वां स्थान हासिल किया था। 2023 में कुवि का रैंक 201-300 के बीच, वर्ष 2022 में 101-150 के बीच, वर्ष 2021 में 101-150 के बीच, वर्ष 2020 में 99 स्थान, वर्ष 2019 में 98 वां स्थान तथा वर्ष 2017 में कुवि ने 95 वां स्थान हासिल किया था। इस वर्ष कुवि की रैंकिंग में सुधार शोध के क्षेत्र में एक अच्छा संकेत है। उल्लेखनीय है कि आज कुलपति कार्यालय परिसर स्थित कमेटी रूम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संयोजक टीम ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को एनआईआरएफ सर्टिफिकेट भेंट किया।

वार्डों की संख्या भी 2 से तीन की, राज्य सरकार की और से जारी की नोटिफिकेशन

# नगर निगम चुनाव के लिए बीस वार्ड तय, अनुसूचित जाति की जनसंख्या 33 हजार घटाई, वार्ड भी पांच से तीन किए, पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या में इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राज्य सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा गजट नोटिफिकेशन के जरिए अंबाला नगर निगम के प्रस्तावित चुनाव को लेकर वार्डों का निर्धारण कर दिया है। निगम एरिया में फिर कुल 20 वार्ड ही निर्धारित किए गए हैं। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव, विकास गुप्ता की ओर से जारी गजट नोटिफिकेशन हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की धारा 11(8) और हरियाणा नगर निगम वार्ड परिसीमन नियमावली, 1994 के नियम 3 के तहत प्रकाशित किया गया है।

**खास बातें**

- निगम एरिया में कुल 20 वार्ड ही निर्धारित किए
- नोटिफिकेशन से निगम के प्रस्तावित चुनाव को लेकर वार्डों का निर्धारण

## मतदाता सूचियों को अपडेट करने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी

### सभी वार्डों की नए सिरे से वार्डबंदी की जाएगी

नोटिफिकेशन में 7 वार्ड महिलाओं के लिए, 3 वार्ड अनुसूचित जाति ( एससी) के लिए जिनमें एक अनुसूचित जाति महिला के लिए, 2 वार्ड पिछड़ा वर्ग- (बीसी) - ए, जिनमें 1 इस वर्ग की महिला के लिए , 1 वार्ड पिछड़ा वर्ग ( बीसी) बी के लिए जो इस वर्ग की महिला के लिए ही आरक्षित होगा। शेष 7 वार्ड अनारक्षित होंगे अर्थात उनमें किसी भी वर्ग से योग्य व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। नगर निगम कानून के जानकार एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि अब अंबाला नगर निगम के अगले चुनाव के लिए कुल वार्डों और आरक्षित वार्ड की संख्या निर्धारित होने के बाद अब शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा ताजा परिसीमन अर्थात सभी 20 वार्डों की नए सिरे से वार्डबंदी की जाएगी। उसके बाद निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों को अपडेट करने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी जिसमें एक से दो महीने का समय लगेगा। यह प्रक्रिया संपन्न होने के बाद शहरी निकाय विभाग द्वारा ड्रा से निर्धारित किया जाएगा कि 20 वार्डों में से कौन कौन सा वार्ड किस वर्ग के लिए आरक्षित होगा। यह भी तय होगा कि मेयर का पद भी किस वर्ग के लिए आरक्षित होगा अथवा अनारक्षित होगा। उसके बाद निर्वाचन आयोग द्वारा आम चुनाव की घोषणा होगी। 2018 से प्रदेश में नगर निगम मेयर का प्रत्यक्ष चुनाव होता है।



अंबाला। नगर निगम ऑफिस का बाहरी दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### जनसंख्या 2 लाख 71 हजार 68 दर्शाई

ताजा नोटिफिकेशन के अनुसार अंबाला नगर निगम की कुल जनसंख्या 2 लाख 71 हजार 68 दर्शाई गई है। इसमें पिछड़ा वर्ग- ए की जनसंख्या 57 हजार 629 जबकि पिछड़ा वर्ग- बी की जनसंख्या 13 हजार 743 बताई गई। जबकि अनुसूचित जाति की जनसंख्या 36 हजार 210 दर्शाई गई है। बता दें कि 5 वर्ष पूर्व 29 जुलाई 2020 को अंबाला नगर निगम के लिए जब कुल वार्डों की संख्या 20 निर्धारित की गई थी तब भी 7 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित थे। इसके अलावा तब हालांकि 5 वार्ड अनुसूचित जाति के लिए ( जिनमें 2 अनुसूचित जाति महिला के लिए) आरक्षित थे जबकि 2 वार्ड पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित किए गए थे। उस समय नगर निगम की कुल जनसंख्या 3 लाख 3 हजार 850 थी जिसमें से अनुसूचित जाति की जनसंख्या 71 हजार 940 दर्शायी गई थी।

### नोटिफिकेशन जारी

इस प्रकार अंबाला नगर निगम के आगामी आम चुनाव हेतु ताजा जारी नोटिफिकेशन अनुसार में अनुसूचित जाति की आबादी 33 हजार घटने का दावा किया गया। इस कारण अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित वार्ड भी 5 से घटकर 3 हो गए हैं। पिछड़ा वर्ग के लिए 2 से बढ़कर 3 हो गए हैं। इसी प्रकार नगर निगम के लिए कानूनन आवश्यक 3 लाख की जनसंख्या से भी अंबाला नगर निगम की ताजा आधिकारिक जनसंख्या करीब 29 हजार कम है। इसमें कानूनी पेच फंस सकता है।

## खबर संक्षेप



### गुरु के बिना ज्ञान और जीवन दोनों अधूरे

**बराड़ा।** शैमफॉर्ड विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। यह दिवस भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद् एवं द्वितीय राष्ट्रपति ''डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन'' की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। शिक्षक दिवस समारोह में गुरु-शिष्य परंपरा की पवित्रता का बखान किया गया। चेयरमैन इंद्रजीत सिंह, डॉ. इंदु विज, ब्रह्माकुमारी चेतना दीदी व सरिता दीदी मौजूद रहे।

### जमीन मंहगी कीमत में बिकवाने वाले दो दबोचे

**अंबाला।** पुलिस ने ऐसे दो आरोपियों को काबू किया किया जोकि लोगों को सस्ती कीमत पर जमीन दिलवाकर उसे महंगे दाम पर बिकवाने का लालच दे रहे थे। पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने थाना शहजादपुर के एक मामले में ठगों ने जमीन खरीद-फरोख्त के लालच में एक व्यक्ति को फंसाकर उससे 35 लाख धोखाधड़ी से हड़प लिए।

### स्नेचिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार उर्फ प्रिंस व हरविंद्र सिंह उर्फ टिंकू को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता मनोज शाह ने 12 जुलाई को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11 जुलाई को बस स्टैंड गरनाला के पास स्थित दुकान से लड़कों ने गल्ले से नकद राशि निकालकर उससे मोबाइल छीन लिया है।

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलि ने आरोपी कुशपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। परिवादी मंजीत कुमार ने 18 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 मार्च 2024 से 30 मई 2024 के दौरान आरोपी कुशपाल सिंह व अन्य ने उसकी बेटी को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## उपायुक्त ने मौके का किया निरीक्षण, अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए

# संगरानी के पास रुण नदी में भूमि कटाव की रिपेयर प्रारंभ की, तैयार किया जा रहा स्टड

**पीडबल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता से उपमंडल की सड़कों एवं पुलों की स्थिति की जानकारी ली**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को गांव संगरानी का दौरा किया। यहां उन्होंने रूण नदी से गांव के पास हुए कटाव का जायजा लेने के साथ ही लगाए जा रहे स्टड (रेत के बैग) के कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरपंच व ग्रामवासियों से भी बातचीत की। कहा कि इस स्थान पर स्टेनिंग पत्थरों की दीवार बनवाने के कार्य में ग्रामीण सहयोग करें जिससे कि नदी के किनारे भूमि कटाव की स्थाई तौर पर प्रबंध हो सके। एसडीएम शिवजीत भारती ने उपायुक्त को बताया कि जिस दिन इस नदी में कटाव हुआ था उस दिन ग्रामीणों को सर्तक कर दिया गया था। सिंचाई विभाग को निर्देश देकर यहां पर रेत के कट्टे लगाकर रोकथाम का कार्य शुरू करवाया गया था। उपायुक्त ने मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग की एसडीओ शिखा बंसल से नदी में इस समय चल रहे पानी के बहाव की जानकारी ली। एसडीओ ने बताया कि इस समय नदी में लगभग 1200 क्यूसिक पानी प्रवाहित हो रहा है। 1 सितम्बर को जब कटाव हुआ था तो उस समय 36 हजार क्यूसिक पानी था। डीसी ने ने लघु सचिवालय में उपमण्डल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में पिछले कुछ दिनों में रुक-रुक कर हुई वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों एवं नदियों से हुए भूमि कटाव की समीक्षा की गई। उन्होंने पीडबल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता से उपमंडल की सडक्रों एवं पुलों की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि वर्षा से जिन सडक्रों में गड्ढे हो गए, उन्हें भरने का कार्य करें। इससे कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारी से भी सडक्रों के हालात की जानकारी लेकर कहा कि जो सडक्रें पानी से खराब हुई है उन्हें ठीक करवाने एवं गड्ढों को भरवाने के निर्देश दिए।

**इस समय नदी में लगभग 1200 क्यूसिक पानी प्रवाहित हो रहा**


नारायणगढ़। संगरानी में रूण नदी से हुए भूमि कटाव का निरीक्षण करते डीसी व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मौके पर डीएसपी सूरज चावला, नायब तहसीलदार संजीव अत्री, बीडीपीओं जोगेश कुमारव शबनम रेलन, कार्यकारी अभियंता जनस्वास्थ्य विभाग अनिल चौहान, पीडबूल्यडी विभाग के कार्यकारी अभियंता अमित मलिक, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र शर्मा, नगरपालिका सचिव मोहित कुमार, एसडीओ विकास बंसल, एसडीओ शिखा बंसल, एसडीओ वीरेंद्र, एसीओ दलबीर सिहं, एसडीओ अर्जुन सिंह, एसडीओ डॉ. नरेश, सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए

उन्होंने एनएचएआई के अधिकारी को निर्देश दिए कि शहजादपुर में फ्लाई ओवर के पास और पतरेहड़ी में जहां भी एनएचएआई की रोड़ के कारण पानी का जमाव या पानी की निकासी में बाधा आती है उसकी निकासी के भी प्रबंध करवाए जाएं। उन्होंने नगरपालिका सचिव व बीडीपीओज को निर्देश दिए कि वर्षा के उपरांत जल-जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु फोगिंग करवाई जाए। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए।

### कंट्रोल रूम स्थापित किया

*बिजली निगम के अधिकारी को निर्देश दिये कि वर्षा के दौरान बिजली की सप्लाई से करंट आदि लगने की कोई घटना न हो इस ओर विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। ढीली पड़ी तारों को तुरंत दुरुस्त किया जाए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूलों में व महिला एवं बाल विकास अधिकारी आंगनवाड़ी केंद्रों में यह देखें कि पानी का जमाव न हो। पुरानी बिल्डिंग में बच्चों को न बैठाया जाए ताकि किसी हादसे की संभावना न रहे। सिंचाई विभाग को मारकंडा, बेगना तथा रूण नदी से भूमि कटाव को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने और प्रबंध करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि बरसात के मौसम में संभावित बाढ़ एवं जलभराव से निपटने के लिए तहसील कार्यालय में फ्लड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।*

## नुकसान की भरपाई के लिए खुलेगा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल

- डीसी ने बताया कि जलभराव वाले क्षेत्रों में पंपों के जरिए की जा रही है पानी की निकासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि नदियों का जल स्तर अब लगातार घट रहा है। स्थिति अब सामान्य है। उन्होंने बताया कि अंबाला छावनी के इंडस्ट्रियल एरिया, विकास पुरी व सोनिया कॉलोनी के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में पंपों क माध्यम से पानी निकासी का कार्य तीव्रता से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेवेन्यू विभाग की पांच बोट्स के माध्यम से जहां पर भी जल भराव में लोग फंसे थे उन्हें वहां से रेस्क्यू करने का काम किया गया है। उन्होंने बताया कि जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ व आर्मी की आवश्यकता नहीं पडी है। एसडीआरएफ की टीमें व जिला प्रशासन की टीमें लगातार यह कार्य कर रही हैं। जिले में घरों में नुकसान, खेतों में पानी व अन्य नुकसान से ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन किया जा सके। इसके लिए राजस्व विभाग द्वारा वित्तायुक्त राजस्व एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखकर पोर्टल खोलने के लिए आग्रह भी किया गया है।

### मुआवजा दिलवाएंगे

उपायुक्त ने स्पष्ट किया जल भराव के चलते जो भी नुकसान है उसकी अदायगी ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल के आंकलन के माध्यम से ही की जाएगी। उपायुक्त ने यह भी कहा कि ऐसे समय में कुछ असामाजिक तत्व मुआवजे दिलवाने हेतू दस्तावेज भी एकत्रित करने का कार्य कर सकते हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहें, सचेत रहें, किसी के बहकावे न आएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे ही ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खुलता है उसकी सूचना दे दी जाएगी। क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से नियमानुसार आंकलन करवाते हुए मुआवजा दिलवाया जाएगा। रेडक्रॉस व एनजीओज के सहयोग से लगभग तीन हजार लोगों को भोजन सामग्री उपलब्ध करवाई गई है।

## कांग्रेस विधायक ने लिया जायजा

- बरसात की वजह से भूंडमाजरी में भारी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

बरसात की वजह से गांव भूंडमाजरी के लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। मुख्य शहर से निकलने वाले नाले की उचित निकासी व्यवस्था न होने के कारण कई घरों में पानी भर गया, जिससे आमजन को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा। कांग्रेस विधायक शैली चौधरी शुक्रवार को मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि नाले को दुरुस्त कर उसकी निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।


शहजादपुर। बरसात से गिरे मकान का जायजा लेती विधायक शैली चौधरी।

### सरकार से मुआवजा दिलवाएंगे

*बरसात की वजह से यहां के शिव कुमार का घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इस संबंध में विधायक शैली चौधरी ने कहा कि सरकार को पत्र लिखकर उन्हें उचित मुआवजा दिलाने का हर संभव प्रयास किए जाएंगे। चौधरी ने कहा कि समय समय विधानसभा में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई जाती है। उन्होंने कहा कि भारी बरसात और जलभराव के कारण जिन लोगों का नुकसान हुआ है उसके लिए भी सरकार से मुआवजा दिलावाने का प्रयास किया जाएगा।*

## कस्बे में जलभराव के लिए प्रशासन जिम्मेदार

- सांसद वरूण चौधरी ने कस्बे का किया मुआयना, लोगों की समस्याएं भी सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

बरसात की वजह से हुए जलभराव का सांसद वरुण चौधरी ने शुक्रवार को क्षेत्र का दौरा किया। स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। दोपहर के समय सांसद बस स्टैंड के पास बने 'महाराजा रणजीत सिंह चौक' पहुंचे। यहां बारिश का पानी भर जाने से आमजन को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि कस्बे की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि बरसात के दिनों में यहां पहाड़ी क्षेत्रों से पानी आता है। यह पानी नालों और पुलियों के जरिए बहकर निकलता है। लेकिन समय पर इन नालों और पुलियों की सफाई न होने के कारण पानी रुक जाता है। निचले क्षेत्रों में जलभराव हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह समस्या कोई नई नहीं है बल्कि यह हर साल बरसात के मौसम में होता है।


बराड़ा। जलभराव के दौरान लोगों के साथ मौजूद सांसद वरूण चौधरी। फोटो : हरिभूमि

### प्रशासन की लापरवाही पर उठाए सवाल

चौधरी ने सरकार और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन को पहले से पता है कि कस्बे में बरसाती सीजन के दौरान पहाड़ी पानी आता है तो फिर क्यों नालों और पुलियों की सफाई समय रहते नहीं की गई।

## मुस्लिम समाज ने निकाली शोभायात्रा

- पैगंबर मोहम्मद की शिक्षाओं-आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पुरानी सब्जी मंडी स्थित दरगाह हजरत साई तवक्कलशाह मस्जिद से शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्यातिथि मेराज आलम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में मुस्लिम के लोगों ने शिरकत की। मेराज आलम ने कहा कि मुस्लिम समाज के लोगो को जश्ने-ईद मिलाद उल-नबी की शुभकामनाएं दी। कपड़ा मार्किट, अग्रसेन चौक, कचहरी चौक से होते हुए बादशाही मस्जिद रणजीत नगर पहुंची।


अंबाला। शोभायात्रा में मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोग। फोटो : हरिभूमि

### करीम के पैगाम पर अमल करने की अपील

उलमा ने नबी-ए- करीम के पैगाम पर अमल करने की अपील की। इस अवसर पर कमेटी के मुख्य पदाधिकारी कलीम अशरफ, मोहम्मद नूर आजम, मोहम्मद जुनैद अंसारी, मासूम रजा, वसीम रजा, रहमतअली, मोहम्मद उवैश, मोहम्मद शान, अरशद अली, मोहम्मद दानिश, हामिद, मो.शाकिर, हाफिज इरफान, इसरार, इमरान खान, मौलाना फुरकान, आरिफ, ताजीम, अनवर, अमीन, शमीम, आरिश, सद्दाम, अली, हसनैन, दिलावर, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद सलीम, सब्बीर खान, बब्लू, फारुख, नौशाद, इशाक , इलियास ने सभी को मुबारक दी।

**कार्यक्रम** बैंड की धुनों पर जमकर नाचे श्रद्धालु,पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने की पूजा अर्चना

नौरंगराय तालब में भगवान वामन को करवाई जल परिक्रमा

# भगवान वामन के हिंडोलों पर ड्रोन से हुई फूलों की बरसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने शुक्रवार को प्रसिद्ध वामन द्वादशी मेले के अंतिम दिन धार्मिक समारोह विधिवत पूजा-अर्चना की। इस मौके पर भगवान वामन का एक प्रतिरूप प्राण प्रतिष्ठा के रूप में यहां पर मूर्ति के रूप में स्थापित किया गया है। यह मूर्ति वहां स्थापित की गई हैं जहां पर हर वर्ष हिडोंले विराजमान होते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान वामन की इस मूर्ति के रूप में श्रद्धालु पूरे वर्ष अपने अराध्य के दर्शन कर सकते हैं। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री भी शोभायात्रा में शामिल हुए। इस दौरान भगवान वामन के हिंडोलों पर ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा भी की गई। भगवान वामन की जय के नारों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। मेले के समापन अवसर पर वामन भगवान के हिंडोले नौरंगराय सरोवर पहुंचे। उन्हें जल परिक्रमा करवाई गई। इससे पहले भगवान वामन के प्रकट दिवस अवसर पर नगर में शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया।



अंबाला। भगवान वामन का रूप धारण करने वाले कलाकार से आशीर्वाद लेते पूर्व मंत्री व हिंडोले को ले जाते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### दिखाया हुनर

शोभायात्रा के दौरान विभिन्न जगहों से आए बैंड बाजों ने भजन गीतों के माध्यम से अपनी छठा बिखेरने का काम किया। ताश पार्टी ने भी अपना हुनर दिखाया। शोभा यात्रा के दौरान जिया बैंड दिल्ली, अशोक बैंड, बालाजी बैंड, न्यू कमल बैंड, भारत बैंड, महादेव बैंड व आजाद बैंड के साथ-साथ अन्य बैंडों ने अपने बैंड की धुनों के माध्यम से भगवान वामन की महिमा का गुणगान भी किया।